# 8. लिंग

## कितना सीखा

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

**उत्तर—** 1. पुरुष जाति और स्त्री जाति शब्दों का बोध कराने वाले शब्दों को लिंग कहते हैं।

2. लिंग के दो भेद होते हैं—

**(i) पुल्लिंग**—शब्द के जिस रूप से पुरुष जाति का बोध हो, वह पुल्लिंग कहलाता है; जैसे—शेर, हाथी, अध्यापक, नाला, पहाड़ आदि।

**(ii) स्त्रीलिंग**—शब्द के जिस रूप से स्त्री जाति का बोध हो, वह स्त्रीलिंग कहलाता है; जैसे—शेरनी, मोरनी, बकरी, शिक्षिका आदि।



**(ख) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए—**

**उत्तर—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पापी | = **पाप** | अभिमानी | = **अभिमान** |
| सम्राट | = **सम्राज्ञी** | कवि | = **कवयित्री** |
| सुनार | = **सुनारिन** | वधू | = **वर** |
| ब्राह्मणी | = **ब्राह्मण** | गुणवती | = **गुणवान** |
| बैल | = **गाय** | | |

**(ग) निम्नलिखित के लिंग निर्धारित कीजिए—**

**उत्तर—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| शिक्षक | = **पुल्लिंग** | धोबी | = **पुल्लिंग** |
| रविवार | = **पुल्लिंग** | लुटिया | = **स्त्रीलिंग** |
| गंगा | = **स्त्रीलिंग** | लड़की | = **स्त्रीलिंग** |
| किशोरी | = **स्त्रीलिंग** | प्राचार्य | = **पुल्लिंग** |
| एकादशी | = **स्त्रीलिंग** | | |

**(घ) सदैव पुल्लिंग रहने वाले दस शब्द लिखिए—**

**उत्तर—**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मच्छर | कौआ | भेड़िया | चीता | दही |
| पानी | बुध | मछली | हीरा | सोना |

**(ङ) सदैव स्त्रीलिंग रहने वाले दस शब्द लिखिए—**

**उत्तर—**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| गिलहरी | तितली | चील | दीमक | मैना |
| चील | जूँ | मछली | कोयल | मकड़ी |

**(च) रंगीन छपे शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिए—**

**उत्तर—** 1. बाग में तीन **मोरनी** थे।

2. घोंसले में **चिड़ा** चहचहा रहा है।

3. हमारे **माताजी** आज घर पर हैं।

# 9. वचन और उसके भेद

## कितना सीखा

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

**उत्तर—** 1. संज्ञा और सर्वनाम शब्द के जिस रूप से उसके एक या अनेक होने का बोध हो, उसे वचन कहते हैं; जैसे—गाय-गाएँ, झंडा-झंडे आदि।

2. **(i) एकवचन**—जिन संज्ञा शब्दों से एक होने का बोध हो, वे एकवचन कहलाते हैं; जैसे—बिल्ली, किताब, चिड़िया आदि।

**(ii) बहुवचन**—जिन शब्दों से इनके एक से अधिक होने का बोध हो, वे बहुवचन कहलाते हैं। जैसे—बिल्लियाँ, किताबें, चिड़ियाँ आदि।

**( ख ) निम्नलिखित के वचन बदलकर लिखिए—**

**उत्तर—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पहाड़ी | = | **पहाड़ियाँ** | मारवाड़ी | = | **मारवाड़ियों** |
| पुस्तक | = | **पुस्तकें** | गरीब | = | **गरीबों** |



| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अध्यापक | = | **अध्यापकों** | सेना | = | **सेनाओं** |
| पत्नियाँ | = | **पत्नी** | भाला | = | **भालों** |
| समस्या | = | **समस्याओं** | | | |

**( ग ) निम्नलिखित के वचन निर्धारित कीजिए—**

**उत्तर—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आँख | = | **एकवचन** | भेड़िए | = | **बहुवचन** |
| मक्खियाँ | = | **बहुवचन** | कथाएँ | = | **बहुवचन** |
| घड़े | = | **एकवचन** | गाय | = | **एकवचन** |
| चींटी | = | **एकवचन** | कपड़े | = | **बहुवचन** |
| नदी | = | **एकवचन** | | | |

**( घ ) रंगीन छपे शब्दों के वचन बदलकर लिखिए—**

**उत्तर—** 1. **बच्चा** खेल रहा है।

2. आवाज सुनकर **चिड़ियाँ** उड़ गई।
3. **भिखारी** भीख माँग रहे हैं।
4. रंग-बिरंगी **मछली** तैर रही है।
5. **पक्षियों** को मत सताओ।

# 10. कारक

## कितना सीखा

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

**उत्तर–** 1. संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से वाक्य के दूसरे शब्दों के साथ उसका संबंध ज्ञात होता है, उसे कारक कहते हैं। किसी कार्य को करने वाला कारक यानि जो भी क्रिया को करने में मुख्य भूमिका निभाता है, वह कारक कहलाता है। जैसे–
रामचंद्र जी ने खारे जल के समुद्र पर बंदरों से पुल बँधवा दिया।
यहाँ ने, के, पर, से कारक हैं।

2. कारक के आठ भेद हैं–

| **कारक** | **विभक्ति चिह्न** |
|---|---|
| कर्ता | ने |
| कर्म | को |
| करण | से, के द्वारा, के साथ |
| संप्रदान | के लिए, को |
| अपादान | से (अलग होना) |
| संबंध | का, के, की, रा, रे, री |
| अधिकरण | में, पर |
| संबोधन | हे, रे, अरे |



**(ख) निम्नलिखित वाक्यों में उचित विभक्ति भरिए–**

**उत्तर–** 1. भिखारी **को** भोजन दो।
2. इस नगरी **के** लोग बड़े सभ्य हैं।
3. पिताजी **ने** पुत्र **को** पुस्तक दी।
4. शिवानी **ने** पुस्तक पढ़ी।
5. वह घर **पर** है।
6. ताजमहल आगरा **में** है।

**(ग) निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन छपे पदों के कारक का नाम लिखिए–**

**उत्तर–** 1. अपादान कारक
2. संबंध कारक
3. कर्ता और कर्म कारक
4. करण कारक
5. कर्ता और कर्म कारक

# 13. क्रिया

## कितना सीखा

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

**उत्तर—** 1. जिस शब्द से किसी काम का करना या होना पाया जाए, उसे क्रिया कहते हैं।

2. क्रिया के बिना हम पूरा वाक्य नहीं बना सकते। क्रिया एक एकल शब्द या शब्दों का समूह है,जो किसी क्रिया या स्थिति का वर्णन करता है। जैसे—बच्चा सो रहा है। यहाँ 'सोना' क्रिया है।

3. **अकर्मक क्रिया व सकर्मक क्रिया में अंतर**—जिन वाक्यों में कर्ता और क्रिया से ही अर्थ स्पष्ट हो जाए व कोई कर्म न हो, उन्हें अकर्मक क्रिया कहते हैं; जैसे—गीता दौड़ती है।

   इस वाक्य में दौड़ना क्रिया है, कोई कर्म नहीं है।

   वे क्रियाएँ जिनमें कर्म की आवश्यकता होती है, उन्हें सकर्मक क्रियाएँ
   जैसे—रोहित फल खाता है।

   इस वाक्य में 'खाता है' क्रियाएँ होती हैं, जिनके साथ 'फल' लगने
   होता है।

4. रचना के आधार पर क्रिया के छह भेद हैं—

| | |
|---|---|
| (i) सामान्य क्रिया | (ii) संयुक्त क्रिया |
| (iii) प्रेरणार्थक क्रिया | (iv) नामधातु क्रिया |
| (v) पूर्वकालिक क्रिया | (vi) कृदंत क्रिया |



**( ख ) निम्नलिखित क्रियाओं को प्रेरणार्थक क्रियाओं में बदलिए—**

**उत्तर—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| जीत = | **जीतना** | लिखना = | **लिखवाना** |
| पढ़ = | **पढ़ाना** | धुल = | **धुलवाना** |
| फटना = | **फटवाना** | करना = | **करवाना** |
| चलाना = | **चलवाना** | जी = | **जीना** |
| दे = | **देना** | भीगना = | **भिगोना** |

**( ग ) निम्नलिखित मूल रूप से नामधातु क्रिया बनाइए—**

**उत्तर—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| रंग = | **रंगा** | फट = | **फटकारना** |
| शर्मा = | **शर्माना** | थप-थप = | **थपथपाना** |
| अपना = | **अपनाना** | ठंडा = | **ठंडाना** |

**( घ ) निम्नलिखित वाक्यों में क्रियाएँ छाँटकर लिखिए—**

**उत्तर—**

| | |
|---|---|
| 1. सामान्य क्रिया | 2. संयुक्त क्रिया |
| 3. प्रेरणार्थक क्रिया | 4. नामधातु क्रिया |
| 5. पूर्वकालिक क्रिया | 6. कृदंत क्रिया |